दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें:9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 74 मुरादाबाद, 03 July 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

गृहमंत्री अमित शाह का एलान, यूपी में भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर रविवार को राजधानी के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गज शामिल हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता खुद केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की अगुवाई वाले अपना दल (एस) ने किया है।कार्यक्रम में अपने संबोधन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने लोगों से 300 से भी ज्यादा सीटें एनडीए गठबंधन को जिताने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सपा बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने पिछड़े वर्ग को उनका हक नहीं दिया। मोदी सरकार ने 9 साल में पिछड़े वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। खास बात यह है कि सोनेलाल की जयंती तो हर साल मनाई जाती थी और उसमें सिर्फ पार्टी के नेता ही शामिल होते थे पर लोकसभा चुनाव से पहले आयोजित हुए इस समारोह में जिस प्रकार से भाजपा के साथ ही एनडीए गठबंधन में शामिल नेताओं को बुलाया गया, उससे साफ है कि एक ओर जहां एनडीए में अपना दल (एस) अपनी मजबूत पकड़ का संदेश देना चाहता है, वहीं एनडीए के मुखिया के तौर पर भाजपा के नेता भी गठबंधन के मजबूत एकता की नुमाइश करना चाहते हैं। अगले साल होने वाले चुनाव में प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के संकल्प लेने वाली भाजपा के नेताओं की समारोह में उपस्थिति को सियासी तौर पर भी अहम माना जा रहा है । उधर भाजपा के बड़े नेताओं के जमावड़ा को देखते हुए अपना दल (एस) भी शनिवार को बारिश के बावजूद कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा रहा । इस बार वृहद तौर पर समारोह के आयोजन को देखते हुए इंदिरागांधी प्रतिष्ठान के किसी हॉल के बजाय परिसर के मैदान में बड़ा मंच सजाया गया । शनिवार को देर रात तक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समारोह से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप दिया । पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल खुद कार्यक्रम स्थल पर पूरे दिन मौजूद रहकर तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बृजेश पाठक भी समारोह में मौजूद रहे।

'महाराष्ट्र में अब ट्रिपल इंजन सरकार', CM शिंदे बोले- अजित पवार के अनुभव से सुदृढ़ होगा प्रदेश

विधानसभा में नेता विपक्ष की भूमिका अदा करने वाले अजित पवार ने रविवार को सभी को चौंकाते हुए महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार को अपना समर्थन दे दिया और फिर सरकार में उन्हें उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इस बीच मुख्यमंत्री शिंदे का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि अब महाराष्ट्र में ट्रिपल इंजन की सरकार है। महाराष्ट्र में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। शनिवार तक खामोश पड़ी सियासी सरगर्मियां रविवार की सुबह अचानक तेज हो गईं और फिर देखते ही देखते डबल इंजन सरकार में एक और इंजन शामिल हो गया। इसी के साथ ही महाराष्ट्र में अब ट्रिपल इंजन की सरकार उभरकर सामने आईं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी (BJP) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के दिग्गज उपमुख्यमंत्री पद संभाल रहे हैं। क्या कुछ बोले ष्ठरूशिंदे?-विधानसभा में नेता विपक्ष की भूमिका अदा करने वाले अजित पवार ने रविवार को सभी को चौंकाते हुए महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार को अपना समर्थन दे दिया और फिर सरकार में उन्हें उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। हालांकि, एनसीपी में बड़ी फूट पड़ने के बाद राजभवन में दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिला। इस बीच, मुख्यमंत्री शिंदे का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि अब महाराष्ट्र में ट्रिपल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार चल रही थी, उसे अब ट्रिपल इंजन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अब हमारे पास एक मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री हैं। डबल इंजन सरकार अब ट्रिपल इंजन बन गई है। महाराष्ट्र के विकास के लिए मैं अजित पवार और उनके नेताओं का स्वागत करता हूं। अजित पवार का अनुभव प्रदेश को सुदृढ़ करने में मदद करेगा।

NCP के 9 विधायक बने मंत्री

एनसीपी के कुल नौ विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली। इन विधायकों में अजित पवार, छगन भुजबल, दिलीप पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, धर्माराव, अदिति तटकरे, संजय बनसोडे और अनिल पाटिल शामिल हैं।

मायावती ने कहा- हम समान नागरिक संहिता लागू करने के खिलाफ नहीं, पर इसे जबरन न थोपे सरकार

मायावती ने कहा कि बसपा समान नागरिक संहिता लागू करने के खिलाफ नहीं है पर इसे जबरन नहीं थोपा जाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर एएनआई और पीटीआई को बयान दिया है।बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश में समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने के खिलाफ नहीं है पर देश की विविधता को देखते हुए इसे जबरन थोपे जाने के पक्ष में नहीं है। इसमें आपसी सहमति का रास्ता अपनाया जाना चाहिए और इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।मायावती ने कहा कि भारत की विशाल आबादी में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और पारसी सहित विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोग रहते हैं, जिनके अलग-अलग रस्म और रिवाज हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अगर देश में सभी के लिए एक जैसा कानून लागू होगा तो इससे देश कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत होगा और आपसी सौहार्द बढ़ेगा इसीलिए संविधान में समान नागरिक संहिता का जिक्र किया गया है, लेकिन उसे जबरन थोपने का प्रावधान संविधान में निहित नहीं है। इसके लिए जागरूकता व आम सहमति का रास्ता अपनाया जाना चाहिए। मायावती ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता की आड़ में संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति करना सही नहीं है जो इस समय की जा रही है। बसपा यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के खिलाफ नहीं है, बल्कि जिस तरह से भाजपा इसे लागू करना चाहती है उससे हम सहमत नहीं हैं।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन करेगी सुभासपा, बैठक में नेताओं ने कहा- सबसे लिए एक कानून जरूरी

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन करेगी। लखनऊ में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं ने कहा कि देश में सबके लिए एक कानून जरूरी है।भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की चर्चाओं के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का समर्थन करने का संकेत दिया है। राजधानी में आयोजित पार्टी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में सुभासपा नेताओं ने कहा कि जो कानून देश हित में होगा, सुभासपा उसका समर्थन करेगी। पार्टी के प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने कहा कि यूसीसी सभी धर्मों के लिए एक समान कानून की बात करता है। यूसीसी एक समान नागरिक संहिता को सुनिश्चित करेगा। इसलिए सुभासपा इसका समर्थन करेगी।विंद्रालय में आयोजित बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सुभासपा की भूमिका निर्णायक होगी। प्रदेश की 30 लोकसभा सीटों पर अपना प्रभाव रखने वाली सुभासपा के सहयोग के बिना कोई भी दल केंद्र में सरकार नहीं बना पाएगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी की रीति व नीति को लेकर जनता के बीच जाएं।इस मौके पर राजभर ने सपा व बसपा का नाम लिए बिना विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये दल जब सरकार में रहते हैं तो इन्हें पिछड़ों-दलितों की याद नहीं आती है। सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने की चिंता नहीं रहती। जब ये सत्ता से बाहर रहते तो इनकों बहुत चिंता होती है। उन्होंने कहा कि सुभासपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सत्ता में रहने के बाद भी जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने की बात करती रही है।

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करें

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

NCP से भतीजे अजित की बगावत के बाद शरद पवार बोले- मैं फिर पार्टी खड़ी करके दिखाऊंगा

अजित पवार अपने 40 समर्थक विधायकों के साथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए हैं। अजित पवार ने एक बार फिर पार्टी से बगावत करते हुए डिप्टी सीएम की शपथ ले ली है। मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। एनसीपी के बड़े नेता अजित पवार अपने 40 समर्थक विधायकों के साथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए हैं। अजित पवार ने एक बार फिर पार्टी से बगावत करते हुए डिप्टी सीएम की शपथ ले ली है। अजित के साथ नौ मंत्रियों ने शिंदे सरकार में शपथ ली है। इन मंत्रियों में छगन भुजबल के साथ कई अन्य बड़े नेता भी हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस भी शामिल रहे।एनसीपी प्रमुख ने कहा कि मैंने 6 जुलाई को सभी नेताओं की एक बैठक बुलाई थी, जहां कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी और पार्टी के भीतर कुछ बदलाव किए जाने थे। ऐसा कुछ हो पाता उससे पहले ही कुछ नेताओं ने अलग रुख अपनाया है।ह्यष्ठक्रप्रमुख शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोगों ने मुझे फोन किया है। मुझे बहुत से लोगों के लगातार फोन आ रहे हैं। पवार ने कहा कि आज जो कुछ भी हुआ मुझे उसकी चिंता नहीं है। कल, मैं वाईबी चव्हाण (महाराष्ट्र के पूर्व सीएम) का आशीर्वाद लूंगा और एक सार्वजनिक बैठक करूंगा।महाराष्ट्र में ह्यष्ठक्रनेता अजित पवार महाराष्ट्र के दूसरे उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रयोग करती रहती है और इसके लिए प्रयोगशाला बनाई गई हैं। पहले मध्य प्रदेश था फिर महाराष्ट्र और यह पूरा देश देख रहा है।

संपादकीय Editorial

Unconstitutional decision of the governor

For the first time constitutional limits have been crossed that Tamil Nadu Governor RN Ravi has sacked the alleged corrupt minister V. Senthil Balaji without consulting Chief Minister Stalin. The minister, tainted with serious allegations of corruption, is in judicial custody. The minister was arrested after the Enforcement Directorate probe, but instead of jail, he is in a private hospital. It is being said that his heart has been operated. Allegations of corruption, notes for jobs, money laundering and other scams were found to be serious in the facts of the inquiry placed before the Governor. The minister can influence the process of investigation, evidence and judicial action, so the governor withdraws his 'prasad', 'prasannata' and 'kripa' (pleasure) and dismisses the minister. Of course, Article 164 of the Constitution mentions that a minister can hold office only during the 'pleasure' of the Governor. The governor took the same constitutional spirit literally and decided to sack the minister. The Supreme Court and the High Court have clarified the role of the Governor and his constitutional powers by interpreting the relevant articles of the Constitution many times. In fact, the governor himself can neither make anyone a minister and sacking him is absolutely 'unconstitutional'. He can work only on the 'advice' and 'recommendation' of the Chief Minister and the cabinet. It is also mentioned in Article 164. The Constitution has not given any executive power to the Governor. Although there are many such examples in republican and independent India, when the Governor had dismissed the Chief Minister, but in the SR Bommai case of 1994 and the Shivraj Singh Chouhan case of 2020, the historical establishment of the Supreme Court came to the fore that majority decided in the House itself. Will go On the basis of that, the stability of the Chief Minister and the government will be decided. The Governor cannot dismiss the Chief Minister or the Minister on his own grounds. However, after these judicial decisions, this grossly unconstitutional tradition came to an end. Now the Governor of Tamil Nadu has sacked the minister playing with the constitution and its language. However late on Thursday night, 'Raj Bhavan' wrote a letter to Chief Minister Stalin informing that on the request of Union Home Minister Amit Shah, the advice of the Advocate General and other constitutional experts would be taken, so the decision has been put on hold for the time being. What a joke! The Governor has once taken an unconstitutional, cruel and unprecedented decision. Now whether he stops it or the court rejects it, the question is how can a person occupying a constitutional post like Governor take decisions under 'bias'? In Tamil Nadu, Governor Ravi and Chief Minister Stalin have had a strained relationship for a long time, as the governor has been deliberately sitting on bills passed by the assembly. Governor-Chief Minister relations are also extremely strained in states like Telangana, West Bengal, Kerala, Punjab etc. Such relations question the Centre-State relations and the federal structure of the country. Everyone knows that the Governor is the representative of the Government of India and there can be an opposition party government in the state. The states that we have mentioned here have governments of opposition parties which are basically anti-BJP. In such a situation, if work is done in the spirit of hatred, then it will not be in the interest of the country. It will not be conducive to the dignity and prestige of the Constitution and the common citizen will not get easy justice. The tainted minister is in the dock of the law. If the Chief Minister wants to keep him as a minister without portfolio, then it is the prerogative.

Kasauti: A Democrat's Desire to Judge the Head of Government and the Prospects of Future Historians

Future historians will probably record that PV Narasimha Rao, Atal Bihari Vajpayee and Manmohan Singh were better prime ministers than Indira Gandhi, Rajiv Gandhi and Narendra Modi. Not necessarily because he was more learned than the latter three. I wrote an article for a Delhi magazine a few months before the 2009 general elections, in which I listed four things that I hoped could reinvigorate the democratic process in India. First, I wanted a Congress which was not entirely indebted to dynasty. Second, I wanted a BJP that would disassociate itself from the RSS and its idea of a Hindu Rashtra. Third, I wished for a unified and reform-oriented Left, completely free of violence, as well as giving up its idea of state control over the economy. And lastly, I wished to form a new party that was based on the aspirations of an expanding middle class, open to all irrespective of caste or religion, and pursue policies that would similarly favor any particular group. Do not be sect or ethnic group oriented. Fifteen years and three general elections later, it is humbly an attempt to see how far this wish list is from reality. The Congress finally has a non-Gandhi president, but the family still has strong family control over the party. In fact, soon after becoming the Congress President, Mallikarjun Kharge joined the Bharat Jodo Yatra and said that Rahul Gandhi could be the next Prime Minister of India. The visit prompted the creation of the handle 'Rahul for PM' in social media; It gained further momentum after the victory of the Congress in the Karnataka assembly elections. Of course, there has been some strange dissent in party circles and sometimes an alternative Congress candidate for prime ministership has been put forward and that is Rahul's sister, Priyanka Gandhi. As far as the Bharatiya Janata Party is concerned, Far from distancing itself from the RSS and Hindutva, it has come under its grip more and more firmly. The fact that there is not a single Muslim among its more than 300 MPs in the Lok Sabha speaks volumes about its overarching philosophy towards minorities in general and Muslims in particular, which is to treat them as equal citizens of this land. does not. The rewriting of textbooks and the creation of new educational curricula are other manifestations of the ruling party's majoritarian mindset. During the NDA-I regime between 1998 and 2004, the policies and programs of the government were not immune to Hindutva influence. While these effects were relatively minor, since the NDA came to power at the Center for the second time in 2014, they have become more pronounced. With the growing influence of Hindutva ideology, the BJP has increasingly become hostage to a personality cult. In the past the party had explicitly shunned 'persona worship' to differentiate itself from Indira Gandhi's Congress. However, that restraint has now been abandoned and MPs and cabinet ministers are competing with each other in sycophant praise of Prime Minister Narendra Modi. This fusion of religious majoritarianism and personality cult at the inauguration ceremony of the new Parliament building It was clearly visible in a symbolic form. In this, where the President and the Vice President were absent, the celebrations were coordinated in such a way that even the cabinet ministers were hardly visible. It was intended to showcase a single individual, with obliging priests providing the occasion with a Hindutva platform. Members of his party and the extended Sangh Parivar elevated the Prime Minister to the status of a Hindu emperor. Now let's talk about the Left. This element of Indian politics also did not improve itself as this writer had expected. Instead of coming forward and embracing multi-party democracy, the Naxalites are continuing their rampant acts of violence in the districts under their influence. As far as the parliamentary Left is concerned, in the one state they are in power, Kerala, they have made no significant change in their approach to governance. High HDI should be a magnet for private investment from outside; However, this is not the case here, as the CPI(M) still supports a government-controlled approach to the economy. Fourth on my wish list fifteen years ago was the creation of a new party. With the advent of the Aam Aadmi Party on the Indian political stage in 2012, this wish was fulfilled in principle. However, you did not bring any major change in practical terms. While it has a good record in providing public education and healthcare in Delhi, it also has negatives on its balance sheet, such as the creation of a cult around Arvind Kejriwal and the party's refusal to stand up for the oppressed minorities. Now not even a year is left for the next general election. I'd like to offer another wish list, which will be smaller than last time. I want that no single party should get majority in the Lok Sabha; In fact the largest party should be substantially behind the majority. Our current Prime Minister is authoritarian in nature, a sinister aspect of his personality reinforced by the two consecutive majorities his party has won in general elections. Indira Gandhi before Modi was encouraged to display his authoritarian tendencies in 1971 when his party won an overwhelming majority. Between the tenures of Modi and Indira, the electorate, in their wisdom or lack thereof, gave the Congress party under Rajiv Gandhi over 400 seats in the 1984 elections, with unfortunate consequences for politics and governance. India is such a large and diverse country that it cannot be run in any other way than through cooperation and consultation. However, the vast majority in the Parliament fosters arrogance and hubris in the ruling party. A prime minister with such a majority misbehaves with his cabinet colleagues, disrespects the opposition, subjugates the press, undermines the autonomy of institutions, and ignores the rights and interests of the states , especially when there is a government of a party other than the one headed by the Prime Minister. Future historians will probably record that PV Narasimha Rao, Atal Bihari Vajpayee and Manmohan Singh were better prime ministers than Indira Gandhi, Rajiv Gandhi and Narendra Modi. Not necessarily because he was more learned than the latter three. In fact, the circumstances in which Rao, Vajpayee and Singh took office saw them giving more autonomy to cabinet ministers, listening to coalition partners (who represented different groups, religions and interests), actively consulting the opposition, not to curb the free press, not to put pressure on the judiciary, not to unnecessarily interfere with the autonomy of public institutions and to respect the rights and interests of the states. When these coalition governments were in power, economic growth, federalism, minority rights, and free institutions all benefited from the absence of a dominant party with an influential prime minister. If Narendra Modi and the BJP get a third consecutive majority in the 2024 general elections, it will likely be detrimental to democracy, pluralism and federalism in India. The opposition will be ignored more, elements of the free press will be suppressed more, minorities will be made to feel more insecure, states will be made to bow even more to the Centre. Such a situation would probably be harmful to the economy as well. (No prime minister in a coalition government would be arrogant enough to impose a disastrous experiment like demonetisation.) It is my only wish that no party gets more than 250 seats in the next general election, ideally 200 seats. Meet If this happens, India will be governed without any one party, if not more intelligently, then certainly less arrogantly.

Aaina: Nomadic castes are scared of smart cities, whom to wish for freedom from curse

These nomadic lives do not stay in one place. These are the most neglected and outcast people, who are forced to lead a very unstable life. His family's name doesn't figure in any voter list, earning bread by labor. The city is progressing. He is getting smart everyday. Space is being cleared for the new flyover. Thatched roofs, tents and huts are being removed. The uprooting of the tents of the nomads has started. Many houses and families living on the footpath are being cursed by the city and they are cursed to live under the open sky. There is a shadow of strong sunlight on their heads. There is no flag of any political party on these desolated tents on the side of the road. At the time of elections, no candidate comes to him to ask for votes. As soon as the evening sets, there is a smell of baking roti amidst the flickering lights of lamps. Different tone of words and dissonant voices of shouting and scolding. One or two light iron cots and a two-wheeled buffalo cart stand near the makeshift stove made of bricks, in which their entire household is accommodated. Their places of stay are plastered with mud and very clean. On one side, they heat iron in coal-burning furnaces to make household articles, which are shaped by the men with their skill and the women help in making and molding them by moving the cube. There is a celebration of labor here. In the midst of this difficult work, the upbringing of their children is not interrupted. Look, here an innocent child hanging in a sheet tied under the bullock cart is sleeping soundly. These are nomadic lives, which do not stay at one place. It is their nature to live in one place and then go to other unknown places and encamp.

These are the most marginalized and outcasts of the city, who are forced to lead a very unstable life. His family's name doesn't figure in any voter list, earning bread by labor. Moving on a two-wheeled buffalo cart (or sometimes a camel cart), they complete the days of their life like this. A number of bellows for burning coal and a heavy cube of iron are the tools of his life. They work hard every day to make things that work for us. Women are also here in their special costumes, in which brightly colored lehenga, choli and chunri with lots of encircled chintz and special bracelets in their hands. They do hard labor with their strong arms. Still, our perception towards these marginalized people is not good. Our society and governments consider them as born criminals. It is assumed that the profession of nomadic castes is to commit crime, while no one is a criminal by birth. This is absolutely unnatural and anti-social decision of our society and government. Once upon a time, the British government had decided that if a person of any caste committed a crime, then his children would also be considered guilty. These groups, considered habitual criminals, were eventually declared free in independent India. But a few years back, the sword of a born criminal was again hung over his head. Such orders were sent to the administration that these marginalized people should be treated as criminals, their camps should be monitored and the lawyers who represent their criminal cases should also be listed. About two decades ago, the country in Gandhinagar A convention was called of these non-notified and nomadic castes from across the country. Just before this, an all India organization 'The Notified and Nomadic Tribes Right Action Group' was also formed. This group should know about this action of the governments, due to which the methods of human rights abuses with these nomadic tribes are still going on. This is a shameful situation for any independent and developing country, in which change is necessary. The National Human Rights Commission also does not appear to be very alert in this matter. It is a matter of stigma for a civilized society that some of its residents die living an animal life while living on the roadside with their families. Don't we have any obligation to make these people a responsible citizen and human being? It should be surveyed that what are the sufferings and needs of these tribal nomads. Why are they cursed to breathe in the category of born criminals for many decades? Why is there no share of these wandering lives in this earth? This is a big question, which cannot be avoided for long. Is it not that due to our (indecent) mentality, we have refused to accept these nomads as human beings!

दहेज का दंश...महिला ने पति, सास-ससुर समेत चार के खिलाफ लिखाया मुकदमा

विवाह के तीन महीने में टूट गए रिश्ते, बहू को मारपीट कर सास-ससुर ने घर से निकाला

मुरादाबाद- लाइनपार पुतलीघर रोड मझोला की उपासना कुमारी ने पति मुदित, ससुर उमेश कुमार, सास लज्जावती, देवर उदित कुमार के विरुद्ध महिला थाने में मुकदमा लिखाया है। पुलिस को उसने बताया कि उसका विवाह 26 जनवरी 2023 को ही उमेश के बेटे मुदित से हुआ था। उसकी ससुराल अमरोहा जिले में थाना डिडौली गांव सरकड़ी अजीज में हैं। ससुराल वाले वर्तमान में नोएडा सेक्टर-62 के बी-ब्लॉक के सृजन अपार्टमेंट फ्लैट नंबर-32 सी में रहते हैं। उपासना ने पुलिस को बताया कि उसके पिता भोपाल सिंह ने विवाह में 10 लाख रुपये नकद, वेन्यू कार, कपड़े व जेवरात दिए थे। बारात के स्वागत आदि में 30 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन, ससुराल वाले दान-दहेज से खुश नहीं थे। सास लज्जावती, ससुर उमेश कुमार कहते थे कि उनका बेटा मुदित सरकारी नौकरी में बड़े पद पर है, उस हिसाब में तुम्हारे पिता ने विवाह में दहेज नहीं दिया है। यही बात देवर उदित कुमार भी दोहराता था। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले शारीरिक मानसिक उत्पीड़न कर उससे अतिरिक्त 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोग उसके साथ मारपीट करते थे।

देवर से संबंध बनाने का दबाव बना है ससुर

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि विवाह के बाद पति मुदित व उससे कभी पति-पत्नी के रिश्ते नहीं निभाए। ससुर उमेश कुमार बेटे मुदित को जन्म से नपुंसक कहते हैं। ससुर देवर उदित से संबंध बनाने को कहते थे। उदित उससे अश्लील हरकतें करता था और जबरन संबंध बनाने का प्रयास करता था। विरोध करने पर महिला को मारते-पीटते थे। ससुराल के वर्ताव को किसी से न बताने का भी दबाव बनाते थे। देवर से संबंध न बनाने और महिला के विरोध करने पर ससुराल वालों ने उसे 23 अप्रैल को भी मारा पीटा और वह जो कपड़े पहने थी, उसी पहनावे में उसे घर से बेदखल कर दिया। ससुराल की प्रताड़ना से रोती-बिखलती बेटी घर पहुंची और मां-पिता का हाल बताया।

देवर ने चाकू से किया जानलेवा हमला

बिटिया की व्यथा सुनकर पिता भोपाल सिंह बीमार पड़ गए और इलाज के लिए उन्हें गंगाराम अस्पताल दिल्ली में भर्ती कराना पड़ा। पिता के स्वस्थ होने पर ससुराल वालों को 28 मई के दिन बातचीत करने के लिए मुरादाबाद स्थित घर बुलाया गया, जहां बातचीत के दौरान बिटिया के ससुराल वाले आगबबूला होकर मायके में ही ससुराल वालों ने लात-घूसों से मारा। देवर उदित ने जान से मारने की नियत से महिला पर चाकू से हमला बोल दिया। महिला के पिता के शोर मचाने पर मुहल्ले के लोग आ गए। घटना की खबर मझोला थाने में दी गई, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। उपासना कुमारी के मामले में उसके पति मुदित, ससुर उमेश कुमार, सास लज्जावती, देवर उदित कुमार के विरुद्ध मुकदमा लिखा है। इस मामले में अभी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पूरे मामले की विवेचना शुरू की गई है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।- दीपा त्यागी, थानाध्यक्ष-महिला थाना

विशेषज्ञों की सलाह से विकसित होगा साबरमती जैसा रिवरफ्रंट

एमडीए की नई टाउनशिप में किसानों को मिलेगा उनकी जमीन का चार गुना दाम, किसान होंगे समृद्ध

मुरादाबाद- मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना से किसानों का अहित नहीं भला होगा। गुजरात के विशेषज्ञों की सलाह से महानगर में साबरमती जैसा रिवरफ्रंट विकसित होगा। एमडीए की नई टाउनशिप में किसानों को उनकी जमीन का चार गुना दाम मिलेगा। नोएडा/ ग्रेटर नोएडा की तर्ज़ पर किसान समृद्ध होंगे। 1250 हेक्टेअर में विकसित होने वाले नये टाउनशिप को लेकर किसानों के भ्रम को प्राधिकरण के अधिकारी निराधार बताकर इसके विकास के फायदे गिना रहे हैं। उनका कहना है कि इस नये टाउनशिप से किसानों को अपनी जमीन का चार गुना दाम मिलेगा। वहीं गुजरात के विशेषज्ञों की सलाह से महानगर का कायाकल्प कर साबरमती जैसा रिवरफ्रंट बनेगा। जिससे पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। जिसका सीधा फायदा स्थानीय कामकारों, किसानों को

मिलेगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की कॉलोनियों के विकसित होने से जन सामान्य को फायदा होगा। यहां रोजगार विकसित होने पर लोगों को दिल्ली, मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। नया शहर विकसित होने से मुरादाबाद एक बड़े हब के रूप में उभर सकता है। चिकित्सा, शिक्षा, उद्योग और व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति का सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को भ्रमित करने का कार्य कुछ कॉलोनाइजर्स द्वारा करने की जानकारी मिल रही है। ऐसे प्रॉपर्टी डीलरों और भूमाफिया के खिलाफ एमडीए बहुत जल्द कार्रवाई करेगा। अवैध कॉलोनाइजर्स किसानों को भ्रमित कर अपना हित साधना चाहते हैं इसमें सफलता नहीं मिलेगी। उपाध्यक्ष ने भूस्वामियों की शंका का समाधान करते हुए कहा कि हर स्थिति में सभी हितग्राहियों की रक्षा होगी। आपसी सहमति से ही किसानों की भूमि ली जाएगी।

गुजरात के सीईपीटी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ करेंगे प्लानिंग

उन्होंने बताया कि आधुनिक शहर के विकास की योजना को गुजरात के प्रसिद्ध थिंकटैंक सीईपीटी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा साकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नये शहर विकास योजना तथा भारत सरकार की इंक्यूबेशन सिटी योजनाओं से भी इसे जोड़ा जाएगा। जिससे पीतलनगरी राष्ट्रीय महत्त्व के शहरों में शामिल होगा।

यह भी होंगी सुविधाएं

नये टाउनशिप में शिक्षकपुरम, चिकित्सापुरम, पत्रकार पुरम, अधिवक्ता पुरम, अन्नदातापुरम, विधायक पुरम, शिल्पकार पुरम, मेडीसिटी, एजुकेशन सिटी, स्पोर्ट्स सिटी आदि विकसित होंगे। इसे जल्द साकार किया जाएगा। पांच चरणों में योजना के लिए भूमि क्रय किया जाएगा। यह अधिकतम पांच वर्ष में विकसित होगा।

बरेली हाई-वे पर 2035 तक होगी टोल वसूली, 7000 'पास'

छूट वाला पास प्रयोग करने वालों को हर महीने टोल प्लाजा पर जमा करने होते हैं 330 रुपये

मुरादाबाद- मुरादाबाद-रामपुर-बरेली हाई-वे पर 8 जून 2015 से दो केंद्रों पर टोल वसूली चल रही है। यहां 2035 तक हाई-वे से होकर गुजरने वाले वाहनों से टोल की वसूली की जाएगी। दलपतपुर टोल के आस-पास के गांव-कस्बे के 7,000 निवासियों को टोल प्लाजा प्रबंधन ने छूट वाले पास दे रखे हैं। पास पाए लोगों को हर महीने 330 रुपये शुल्क देना होता है। बरेली तक इस हाई-वे की कुल दूरी 121.8 किमी है। टोल प्लाजा प्रबंधक का दावा है कि वह हाई-वे के प्रत्येक दो किमी पर ईसीबी (इलेक्ट्रॉनिक कॉल बूथ) सेवा दे रहे हैं। टोल प्लाजा पर स्टैटिक वेट ब्रिज स्व चलित प्रणाली की सुविधा है। इस टोल प्लाजा से रोजाना औसतन 25-26 हजार वाहन गुजरते हैं। टोल प्रबंधक प्रबंधन का कहना है कि हाई-वे से 92 प्रतिशत वाहन फास्टैग वाले होते हैं। बिना फास्टैग वाले वाहनों से डबल टोल वसूला जाता है। फास्टैग वाले वाहनों में अधिकांश भारी वाहन होते हैं। जबकि टोल प्लाजा के 20 किमी की परिधि के आसपास रहने वालों को पास दिए गए हैं। टोल प्रबंधक का कहना है कि उनकी संस्था को हाई-वे पर टोल वसूली के लिए वर्ष 2010 में टेंडर मिला था। 2015 तक टोल आवंटन की अनुमति मिलने के बाद वाहनों से वसूली का काम शुरू किया गया था। नागरिक सुविधा के लिए हाईवे के प्रत्येक दो किमी के बीच में इलेक्ट्रॉनिक कॉल बूथ है। इस तरह मुरादाबाद से बरेली तक की 60 इलेक्ट्रॉनिक कॉल बूथ स्थापित हैं, जहां से कोई भी राहगीर मदद मांग सकता है।

किसी मदद के लिए उसे इलेक्ट्रॉनिक कॉल बूथ के बॉक्स में लगे बटन को दबाना होगा, फिर कर्मचारी समस्या पूछेगा और तत्काल मदद मिलेगी।

ओवरलोड वाले 670 ट्रकों का ई-चालान, 300 की फिर भेजी सूची

टोल प्रबंधन का दावा है कि दलपतपुर टोल प्लाजा पर गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों की जांच के लिए स्टैटिक वेट ब्रिज स्वचलित प्रणाली स्थापित है। इससे वाहन पर कितना लोड है, पता चल जाता है और उसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित वाहन की संख्या व अन्य विवरण संग सूची परिवहन विभाग को भेजी जाती है। जून महीने में टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों में से 300 से अधिक ओवरलोड वाहन चिह्नित किए गए हैं। इनके विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई के लिए सूची आरटीओ प्रवर्तन को भेजी जा रही है। इसी तरह दलपतपुर टोल प्रबंधन ने आरटीओ को मई में 322 ओवरलोड वाले वाहनों की सूची दी थी। इसमें आरटीओ प्रवर्तन ने 258 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की है। शेष 64 वाहनों में से 52 ट्रकों में मानक से कम लोड था और अन्य 12 वाहनों का पता नहीं चल पाया। अप्रैल महीने में आरटीओ को 474 ओवरलोड वाले वाहनों की सूची दी गई थी। इसमें आरटीओ प्रवर्तन ने 412 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की है। यानी अप्रैल-मई महीने में दलपतपुर टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों में से 670 वाहनों के विरुद्ध ओवरलोडिंग में ई-चालान भी हुए हैं। दलपतपुर टोल प्लाजा के इंतजाम-एंबुलेंस, क्रेन, रोड पेट्रोलिंग विकल्प दो-दो हैं। 12 लेन चालू हैं, सामान्य दिनों में जाम जैसी समस्या नहीं है। राहगीरों के लिए शौचालय टोल कार्यालय परिसर के अंदर है। 10 सेकेंड में गाड़ियां टोल चुकता कर आगे बढ़ जाती हैं। मार्ग पर टोल टिनशेड व डिवाइडर आदि की रंगाई-पोताई का अभाव है। दलपतपुर टोल प्लाजा पर नागरिक सुविधाओं का अभाव नहीं है। राहगीरों की मदद वाली व्यवस्थाएं भी दे रखी हैं। एंबुलेंस, क्रेन, रोड पेट्रोलिंग करने वाले वाहन हैं। प्रत्येक दो किमी पर इलेक्ट्रॉनिक कॉल बूथ हैं। बरेली तक हमारे दो टोल प्लाजा हैं, जहां वाहनों से टोल लेते हैं।- योगेश चौधरी, टोल प्रबंधक-दलपतपुर

कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक का रूट प्लान देखकर फिर निकलें

मुरादाबाद- कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने वाली है...यात्रा को सुगम बनाने के लिए पुलिस ने यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है घर से निकलने से पहले ट्रैफिक पुलिस का रूट डायवर्जन प्लान जरूर समझ लें। मंगलवार से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने वाली है। यात्रा को सुगम बनाने के लिए पुलिस ने यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है। तैयारी के मुताबिक, प्रथम शुक्रवार (सात जुलाई) शाम छह बजे से सोमवार शाम चार बजे तक यातायात डायवर्ट रहेगा। यह क्रम 17 जुलाई अर्थात तृतीय सोमवार तक चलेगा। इस बीच में रूट डायवर्जन वाले मार्गों पर ही बसें या अन्य वाहन चलेंगे। कांवड़ यात्रा के प्रथम सोमवार के लिए (सात से 10 जुलाई अर्थात शुक्रवार शाम छह बजे से सोमवार शाम चार बजे तक) के बीच मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर ट्रक, बस व अन्य भारी वाहन बदले मार्ग से पास कराए जाएंगे। इस दौरान हल्के वाहन मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाली लेन (साइड) पर चलेंगे, जबकि दिल्ली से मुरादाबाद की ओर आने वाली लेन पर केवल कांवड़ियां और उनके वाहन सफर कर सकेंगे। मुरादाबाद-बिजनौर मार्ग पर सात से 17 जुलाई के बीच बस, ट्रक और अन्य भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को भी डायवर्जन वाले रूट से पास कराया जाएगा। मार्ग के एक लेन में हल्के वाहन पास होंगे, जबकि दूसरी लेन में कांवड़ियां निकलेंगे।

ट्रैफिक डायवर्जन

मुरादाबाद से बिजनौर/हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैण्ड (प्रेम वंडर लैंड फ्लाई ओवर के नीचे) थाना कटघर से ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर होते हुए बिजनौर/हरिद्वार की ओर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आयेंगे। मुरादाबाद से बिजनौर की ओर जाने वाले हल्के वाहन वाया टीएमयू से शेरुआ चैराहा, छजलैट, नूरपुर, होकर बिजनौर जाएंगे। इसी मार्ग से वापस आयेंगे। बिजनौर रोड से बरेली/रामपुर जाने वाले हल्के वाहन कोठीवाल डेंटल कॉलेज कट से ठाकुरद्वारा बाईपास होकर भोजपुर होते हुए काशीपुर तिराहा होते हुए रामपुर/बरेली जाएंगे। मुरादाबाद से बिजनौर/हरिद्वार/मुजफ्फरनगर को जाने व आने वाला भारी वाहन मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा, जसपुर अफजलगढ़, धामपुर, बिजनौर से जायेगा। मुरादाबाद से बिजनौर/हरिद्वार जाने वाले भारी वाहन बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, होकर बिजनौर/हरिद्वार पहुंचेंगे। (सात से 17 जुलाई तक)

इन मार्गों के लिए परिवर्तित रूट

बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया मिलक, शाहबाद, बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुंचेंगे, इसी मार्ग से वापसी में दिल्ली से बरेली जाएंगे। रामपुर से मुरादाबाद की ओर आने वाला भारी वाहन वाया-शाहबाद, बिलारी होकर अस्थाई बस स्टैंड आजाद नगर कटघर जाएंगे, इसी

मार्ग से वापस होकर रामपुर जा सकेंगे।

मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैंड आजाद नगर कटघर से बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर होकर दिल्ली/मेरठ जाएंगी और इसी मार्ग से वापस आएंगी। महाराणा प्रताप चौक से जीरो प्वॉइंट पाकबड़ा तक का क्षेत्र नो-ट्रैफिक जोन रहेगा।

इस बार श्रावण माह आठ सोमवार वाला है। कांवड़ियों के लिए शुक्रवार से सोमवार के बीच रूट डायवर्जन किया है। अगर कांवड़ियों की संख्या अधिक रहती है तो आवश्यक्तानुसार हल्के वाहन के संचालन को भी डायवर्ट किया जा सकता है। कहां बैरिकेडिंग करानी है या अन्य व्यवस्थाएं करनी है, इसके लिए मार्गों का मौका मुआयना भी किया जा रहा है। - सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी ट्रैफिक

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करे

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

समान नागरिक संहिता: अखिलेश यादव ने साफ किया सपा का स्टैंड, कहा उनके लिए अहम है 'पीडीए' की हिस्सेदारी

डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि गैर बराबरी तभी खत्म होगी, जब जातीय जनगणना हो और आबादी के हिसाब से सभी को हक और सम्मान मिले। उन्होंने भाजपा सरकार से मांग की कि नौकरियों में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की हिस्सेदारी को सार्वजनिक किया जाए। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अखिलेश ने साफ कहा कि वह इसके विरोध में हैं।समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर सपा ने आखिरकार चुप्पी तोड़ दी है। पार्टी सुप्रीमों अखिलेश यादव ने साफ किया है कि उनकी पार्टी इसके विरोध में है। सपा मुख्यालय में स्थित लोहिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने कहा कि जातीय जनगणना देश की जरूरत है ताकि वंचितों को बराबरी का दर्जा दिया जा सके। सवाल किया कि जितने रोजगार अभी तक दिए हैं, सरकार बताए कि पीडीए के लोग कितने हैं क्योंकि जब हम सरकार में थे तब खूब लिस्ट जारी होती थी। कई राज्यों में राजनीतिक उठापटक पर बोले कि पहले मध्य प्रदेश भाजपा की प्रयोगशाला थी। अब महाराष्ट्र उससे बड़ी प्रयोगशाला हो गई है। सवाल किया कि मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है। उधार लेकर अर्थव्यवस्था संभाली जा रही है। कार्यक्रम में अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि सोनेलाल पटेल के जन्मदिवस पर जातिवार जनगणना पर चर्चा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों के नकली नेताओं का दौर अब समाप्त होने वाला है। पिछड़ों और वंचितों की लड़ाई में हम अखिलेश यादव का साथ देंगे। समाजवादी चिंतक और पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने जातिवार जनगणना की जरूरत बताते हुए कहा कि 1931 की जातीयगणना आज भी हर नीति का आधार है। जबकि 1947 में विभाजन के बाद इसका कोई महत्व नहीं रह गया। आज नए सिरे से जातीय जनगणना हो जाए तो 60 फीसदी पिछड़े मिलेंगे। उन्होंने महिलाओं को पिछड़ा बताते हुए कहा कि उन्हें भी जोड़ लें तो संख्या 85 फीसदी हो जायेगी। कमेरा चेतना फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज निरंजन ने कहा कि डॉ. सोने लाल पटेल की जयंती पर श्रद्धा का इससे बेहतर रास्ता

नहीं था कि उनकी जयंती पर जातीय जनगणना और पिछड़ों की बात उठाएं। बिलाल साबरी ने अखिलेश पर कविता सुनाकर वाहवाही लूटी। शाहनवाज साबरी ने मुलायम सिंह, सपा और अखिलेश पर संगीतमय प्रस्तुति दी।

कन्नौज सोनेलाल की जन्मस्थली, मेरी कर्मस्थली

अखिलेश ने कहा कि अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल का जन्म स्थान कन्नौज था और मेरी कर्मस्थली भी कन्नौज है। उन्होंने प्रयागराज में पीडी टंडन पार्क में डॉ. पटेल पर हुआ हमला याद दिलाते हुए कहा कि सभी को पता है कि किसने कराया था। इस हमले के बाद बरसों उन्हें इलाज कराना पड़ा लेकिन पूरी तरह ठीक नही हो सके।

अब एमओयू वालों की हो रही तलाश

अखिलेश ने ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट मीट तो हुई लेकिन एमओयू जमीन पर होते तो यूपी की तस्वीर अलग होती। जीडीपी की ग्रोथ रेट नीचे होने से साफ है कि गरीब का घर खुशहाल नही है। कहा कि डीएम ने चालू कारखानों को भी एमओयू में शामिल कर दिया। अब नए एमओयू वाले नही मिल रहे। उन्हें खोजने के लिए अधिकारी विदेश जा रहे हैं। जीडीपी की नीची ग्रोथ रेट पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग को लेकर बड़े बड़े सपने दिखाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी पर किया व्यंग्यात्मक हमला

योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर अखिलेश ने कहा कि डगमगाती सरकार का वीडियो सभी ने देखा है। तंज कसा कि सुबह चार बजे जागने वालों का योगा देखा आपने। जो काम नही कर सकते तो क्यों करना। केवल अनुलोम विलोम से भी काम चला सकते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बगैर अखिलेश ने कहा कि जैसे ही वो अमेरिका से भारत लौटे तो यूसीसी का बवाल उठा दिया। कहा जाता है कि कभी कभी जुबान में सरस्वती बैठ जाती हैं। उनके यहां भारत में सरस्वती नही बैठीं लेकिन अमेरिका में सांसदों के बीच वह इन्वेस्ट की जगह इन्वेस्टिगेट बोल दिया। ओपन बुक परीक्षा को लेकर कहा कि जल्द वो दिन आएगा, जब ओपन बुक परीक्षा देकर सभी अच्छे नंबरों से पास होंगे। मायावती द्वारा यूसीसी के समर्थन पर अखिलेश ने कहा कि वे समान नागरिक संहिता के विरोध में हैं।

अखिलेश ने भाजपा को धन्यवाद दिया

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने साजिश कर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का हाल खाली करा लिया, जिसके बाद ये कार्यक्रम लोहिया सभागार में हुआ। इसके लिए अखिलेश ने भाजपा को धन्यवाद दिया। गौतरलब है कि एलडीए ने पुलिस की अनुमति न होने की वजह से आवंटन रद्द कर दिया था। इसके बाद पार्टी ने सपा मुख्यालय के लोहिया सभागार में कार्यक्रम करने का फैसला किया।

अब जानवर कर रहे ट्रैफिक कंट्रोल

अखिलेश ने चौराहों पर पशुओं की मौजूदगी पर तंज कसते हुए कहा कि आपने कभी ट

ैफिक परिचालन में जानवरों को देखा है।

आगे कहा कि दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां जानवर ट्रैफिक संचालन करते हों

लेकिन यहां नए अधिकारियों की नियुक्ति हो गई है। अखिलेश ने कहा कि शनिवार को बाराबंकी गए थे। रास्ते में कोई चौराहा ऐसा नहीं मिला जहां जानवर न दिखे हों।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई ,संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा-श्री0पी0सी0आजाद इण्टर कॉलेज बिहार कला में रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एसडीएम फरीदपुर पारूल तरार, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट डॉक्टर मेहरबान सिंह, केन्द्र व्यावस्थापक डॉक्टर राजेन्द्र कुमार गंगवार के नेतृत्व में दो पालियों में सुबह प्रथम पाली 9ः30 बजे480 में 126 ने तथा द्वितीय पाली 2 से 4 में 163 ने परीक्षा दी।
परीक्षा में प्रमोद स्वरूप,जलज सक्सेना, पारस गंगवार, सनोज गंगवार, नरेश गंगवार वरिष्ठ लिपिक पंकज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, भारती माला, सुनील कुमार गंगवार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 225का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दवाएं दीं

क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा-रविवार को नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में आयोजित शिविर का शुभारंभ चेयरमैन शकुन्तला देवी व पूर्व सभापति अमित कुमार गुप्ता ने किया। शिविर की सूचना पहले मिलने के कारण आसपास के क्षेत्रों से कई लोग निर्धारित समय से पहले ही शिविर स्थल पर पहुंचने लगे थे। कुशल डॉक्टरों की टीम ने शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार के बारे में उचित परामर्श दिया। कैंसर सर्जन डॉ प्रेम किशोर ने बताया कि जांच में ज्यादातर लोग हड्डी, जोड़ों के दर्द, मौसमी बुखार, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। इसके अलावा कैम्प में ईसीजी, शुगर, दिल, ऑक्सिजन आदि की जांच निशुल्क की गई और दवाइयां वितरित की गई। टीम में डॉ स्वेतांक गंगवार, डॉ राकेश कुशवाहा, डॉ मुकुन्द शारदा, डॉ अनुज गुप्ता, डॉ अरुण प्रताप सिंह, डॉ सुमित कुमार, राजकुमार गुप्ता आदि थे।

बन गये स्वास्थ्य मंत्री से उप मुख्यमंत्री संभाग में हाल बेहाल



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-बिहारपुर - स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री के संभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर चांदनी में स्वास्थ्य कर्मियों के मनमर्जी लापरवाही रवैए से मरिज चिखते चिल्लाते तड़पते रहे कोई ध्यान नहीं दिया जाता 1 जुलाई को मुकुन्दलाल जायसवाल पिता केवला प्रसाद की अचानक तबियत बिगड़ी दर्द बुखार से पीड़ित पहूंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जहां जांच के दौरान मलेरिया टाईफाइड निकलने से भर्ती कर लिया गया फिर वार्ड में वेड पर बांटल लगाकर डाक्टर नर्स हास्पीटल से गायब हो गए दवा खत्म होने पर मरिज निकालने के लिए चिखता चिल्लाते रहा कोई नहीं आया।खुन शरीर से बाटल में वापस जाने लगा, परिजन पहुंचकर बाटल को बंद किया डाक्टरो को बताने पर डाक्टरो के इतने हौसले बुलंद हैं कि उल्टा ही डाक्टर भड़क कर मरिज को गालियां देने लगे बोले जाओ जहां जाना है शिकायत कर दो,देख लेंगे कहकर धक्का देकर अस्पताल से बाहर भगा दिया।

शिव मंदिर में हुआ तांडव: दूसरी शादी की तैयारी में गोद भराई कर रहे पति को पहली पत्नी ने पकड़ा, हंगामा

गोद भराई की रस्म अदा करने के दौरान युवक की पहली पत्नी ने मंदिर में पहुंचकर धावा बोल दिया। उस दौरान अपने पति को युवती के साथ गोद भराई की रस्म अदा करते रंगे हाथों पकड़ लिया।पहली पत्नी के रहते हुए पति द्वारा दूसरी युवती के साथ शादी से पहले गोद भराई की रस्म अदा की जा रही थी। मंदिर परिसर में पहली पत्नी ने रंगे हाथों पति को गोद भराई की रस्म अदा करते हुए पकड़ लिया। मौके पर पहली पत्नी ने जमकर हंगामा काटा और डायल 112 पुलिस को बुला लिया। उधर गोद भराई के लिए आए हुए लोग हंगामा देखकर खिसक लिए। मामला शाहबाद कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई थी। रविवार दोपहर को प्राचीन शिव मंदिर में उस दौरान हंगामा खड़ा हो गया। जब पति द्वारा दूसरी शादी की लिए गोद भराई की रस्म अदा की जा रही थी, और पहली पत्नी पहुंच गई। दरअसल जनपद बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अपने परिवार वालों के साथ शाहबाद के प्राचीन शिव मंदिर में दूसरी शादी के लिए युवती देखने आया था। पति को युवती पसंद आ गई और रविवार दोपहर शादी से पहले युवती की गोद भराई की रस्म अदा की जा रही थी। गोद भराई की रस्म अदा करने के दौरान युवक की पहली पत्नी ने

मंदिर में पहुंचकर धावा बोल दिया। उस दौरान अपने पति को युवती के साथ गोद भराई की रस्म अदा करते रंगे हाथों पकड़ लिया।
